दैनिक जागरण 17/04/2024

स्टेट लेवल कामर्स फेस्ट में छाए जीएमएन कालेज के विद्यार्थी

● कालेज में मतदाता पंजीकरण शिविर का हुआ आयोजन

● पोस्टर मेकिंग में एमकाम फाइनल ईयर के सुनील ने तृतीय

जागरण संवाददाता ● अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के विद्यार्थियों ने स्टेट लेवल कामर्स फेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का कालेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्वागत किया और उनको शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर कालेज अंबाला कैंट में कामर्स विभाग द्वारा किया था। डा. दत्त ने कामर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुरेंद्र कुंडू को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। कामर्स विभाग के विभागाध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग डिबेट, पीपीटी, एक्सटेंपोर, टैगलाइन, आर्टिकल राइटिंग, क्विज, लोगो रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसमें पीपीटी कंपटीशन में जीएमएन कालेज की एमकाम प्रीवियस ईयर की छात्रा जसमीत कौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया तो वहीं पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में एमकाम फाइनल ईयर के सुनील ने तृतीय स्थान हासिल किया एक्सटेंपोर में एमकाम प्रीवियस ईयर की छात्रा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डा. रोहित दत्त

कामर्स फेस्ट के विजेता जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

उधर, कालेज में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन कालेज में एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी, वुमन सैल द्वारा किया गया। इस दौरान 18 साल के हो चुके विद्यार्थियों का मतदाता पंजीकरण किया गया। साथ ही वोट के लिए प्रेरित भी किया गया। बीएलओ निर्मला देवी ने इस में शिरकत की। इस अवसर पर उपेंद्र कौर, राम मूर्ति, डा. राकेश कुमार, डा. धर्मवीर सैनी, डा. अनुपमा सिहाग, डा. मीनू राठी आदि मौजूद रहे।